Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/08/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** 'उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन (National Mission on High Yielding Seeds)' का उद्देश्य क्या है?

Ans
✗ 1. सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाना
✗ 2. जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना
✓ 3. उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन बढ़ाना
✗ 4. शीत भंडारण अवसंरचना का विकास करना

**Q.2** औपनिवेशिक शासन के दौरान कृषि क्षेत्र में स्थिरता का क्या कारण था?

Ans
✗ 1. औपनिवेशिक सरकार द्वारा कृषि का अत्यधिक वाणिजीकरण
✓ 2. औपनिवेशिक सरकार द्वारा प्रारंभ की गई भू-व्यवस्थापन की विभिन्न प्रणालियाँ
✗ 3. औपनिवेशिक सरकार द्वारा खाद्यान्नों एवं नकदी फसलों पर उच्च कर लगाना
✗ 4. औपनिवेशिक सरकार द्वारा बड़े पैमाने के उद्योगों की स्थापना करना

**Q.3** मई 2025 में, भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा मतदान केंद्रों पर कौन-सी नई सुविधा पेश की गई?

Ans
✓ 1. मोबाइल फोन डिपॉजिट सुविधा
✗ 2. ऑनलाइन वोटिंग पोर्टल
✗ 3. वोटर के लिए मुफ्त वाई-फाई
✗ 4. वोटर ID कियोस्क

**Q.4** भारतीय संविधान (अनुच्छेद 131) के अनुसार, निम्नलिखित में से क्या, सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है?

Ans
✗ 1. मौजूदा सांसदों के विरुद्ध चुनाव याचिका
✗ 2. व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों का प्रवर्तन
✓ 3. राज्यों के बीच या राज्य और संघ के बीच विवाद
✗ 4. उच्च न्यायालयों में आपराधिक मामलों से अपील

**Q.5** अम्लीय वर्षा मुख्यतः वायुमंडल में किन दो गैसों की उपस्थिति के कारण होती है?

Ans
✓ 1. सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड
✗ 2. नाइट्रोजन और मेथेन
✗ 3. कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड
✗ 4. ऑक्सीजन और हाइड्रोजन

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+
Mock Tests

Personalised
Report Card

Unlimited
Re-Attempt

600+
Exam Covered

20,000+ Previous
Year Papers

500%
Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.6 स्वतंत्रता के समय भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग परिचालित था?

Ans
✔ 1. लौह और इस्पात उद्योग
✘ 2. आटोमोबाइल उद्योग
✘ 3. इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग
✘ 4. एयरोस्पेस उद्योग

Q.7 कंट्रोल पैनल में कौन-सा विकल्प, यूजर को एमएस विंडोज में हार्डवेयर डिवाइस को एड करने अथवा रीमूव करने की सुविधा देता है?

Ans
✘ 1. Security and Maintenance
✘ 2. Network and Sharing Center
✘ 3. System and Security
✔ 4. Device Manager

Q.8 कौन-सा नियम, सूर्य और अन्य तारों सहित कृष्णिकाओं के वर्णों को उनके तापमान के संदर्भ में समझाता है?

Ans
✔ 1. वीन का विस्थापन नियम
✘ 2. ग्रहों की गति के केप्लर का नियम
✘ 3. स्नेल का नियम
✘ 4. हुक का नियम

Q.9 वर्ष 2025 में, गुड फ्राइडे किस दिन मनाया गया?

Ans
✘ 1. 14 मार्च
✔ 2. 18 अप्रैल
✘ 3. 12 मई
✘ 4. 7 जून

Q.10 निम्नलिखित विटामिनों पर विचार कीजिए।

1. विटामिन D
2. विटामिन B12
3. विटामिन K
4. विटामिन C

इनमें से कौन-से विटामिन, जल में विलेय हैं?

Ans
✘ 1. केवल 1 और 2
✔ 2. केवल 2 और 4
✘ 3. केवल 2 और 3
✘ 4. केवल 1, 2 और 3

Q.11 शेरशाह ने अपने साम्राज्य को शिक्कों (shiqqs) में विभाजित किया, जो मुगलों के अधीन किस प्रशासनिक प्रभाग के समकक्ष था?

Ans
✘ 1. मंडल
✔ 2. सरकार
✘ 3. सूबा
✘ 4. परगना

Q.12 संक्षिप्त रूप ASCII का पूर्ण रूप क्या होता है?

Ans
✘ 1. American Scientific Code for Internet Integration (अमेरिकन साइंटिफिक कोड फॉर इंटरनेट इंटीग्रेशन)
✘ 2. Advanced System for Computer Input and Integration (एडवांस्ड सिस्टम फॉर कंप्यूटर इनपुट एंड इंटीग्रेशन)
✔ 3. American Standard Code for Information Interchange (अमेरिकन स्टैंडर्ड कोड फॉर इन्फॉर्मेशन इंटरचेंज)
✘ 4. Automatic System for Coding Interactive Interfaces (ऑटोमैटिक सिस्टम फॉर कोडिंग इंटरएक्टिव इंटरफेस)

Adda247

Q.13 पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट किस पठार के पश्चिमी और पूर्वी किनारों को चिह्नित करते हैं?

Ans

✗ 1. छोटानागपुर का पठार

✗ 2. शिलांग का पठार

✗ 3. मालवा का पठार

✓ 4. दक्कन का पठार

Q.14 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संघ स्तर पर मंत्रिपरिषद का प्रावधान करता है?

Ans

✗ 1. अनुच्छेद 75

✓ 2. अनुच्छेद 74

✗ 3. अनुच्छेद 85

✗ 4. अनुच्छेद 65

Q.15 2023 में शुरू किए गए भारत सरकार के किस मिशन का उद्देश्य, क्वांटम प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा 2025 तक प्रमुख संस्थानों में चार विषयगत हब स्थापित करना हैं?

Ans

✗ 1. टेक इंडिया पहल

✗ 2. डिजिटल इंडिया मिशन

✗ 3. क्वांटम इंडिया कार्यक्रम

✓ 4. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन

Q.16 एक्सिओम-4 मिशन में इसरो-यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) सहयोग का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans

✗ 1. लूनर रोवर का विकास करना

✓ 2. सूक्ष्मगुरुत्व-आधारित वैज्ञानिक प्रयोग करना

✗ 3. गहन अंतरिक्ष अवलोकन करना

✗ 4. संचार उपग्रह तैनाती करना

Q.17 भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) के कार्यकाल और स्वतंत्रता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans

✗ 1. CEC को हटाने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश की सहमति आवश्यक है, लेकिन संसद की स्वीकृति आवश्यक नहीं है।

✗ 2. CEC को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह संसद में दो-तिहाई बहुमत से ही हटाया जा सकता है।

✓ 3. अन्य चुनाव आयुक्तों को केवल CEC ही हटा सकता है, सरकार नहीं।

✗ 4. CEC का कार्यकाल दस वर्ष का होता है और किसी भी परिस्थिति में उसे उस कार्यकाल से पहले नहीं बदला जा सकता।

Q.18 निम्नलिखित में से किस संगठन ने फरवरी 2025 में अंतरिक्ष में पादपों की वृद्धि का अध्ययन करने के लिए CROPS प्रयोग किया?

Ans

✗ 1. यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ESA)

✗ 2. जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA)

✗ 3. नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA)

✓ 4. इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन (ISRO)

Q.19 पाकिस्तान का कौन-सा प्रांत, जो अपने समृद्ध संसाधनों लेकिन निम्न विकास के लिए जाना जाता है, जिसमें लंबे समय से पृथकतावादी आंदोलनों और अधिक स्वायत्तता या स्वतंत्रता की मांगे होती रही हैं?

Ans

✓ 1. बलूचिस्तान

✗ 2. पंजाब

✗ 3. सिंध

✗ 4. ख़ैबर पख्तूनख्वा

Q.20 सोफी एल्महर्स्ट की किस पुस्तक को वर्ष 2025 में, नीरो बुक ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
1. द गर्ल विद द सेवन लाइव्स (The Girl with the Seven Lives)
2. मौरिस एंड मारलिन (Maurice and Maralyn)
3. द एडवर्सरी (The Adversary)
4. फ्लो (Flow)

Q.21 वर्तमान में स्थगित (जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार) इनसाइबर फोरम, एक प्रमुख साइबर सुरक्षा सम्मेलन, प्रारंभ में किस अमेरिकी शहर में आयोजित होने वाला था?

Ans
1. सिएटल, वाशिंगटन
2. ऑस्टिन, टेक्सास
3. सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया
4. सैन एंटोनियो, टेक्सास

Q.22 भारत में अंग्रेजी शिक्षा के प्रारंभ को निम्नलिखित में से किस दस्तावेज़ के माध्यम से बढ़ावा दिया गया था?

Ans
1. रेगुलेटिंग एक्ट (Regulating Act)
2. पिट्स इंडिया एक्ट (Pitts India Act)
3. मैकाले का विवरण-पत्र (Macaulay's Minute)
4. 1813 का चार्टर अधिनियम (Charter Act of 1813)

Q.23 वैश्वीकरण ने भारत की आर्थिक वृद्धि को कैसे प्रभावित किया है?

Ans
1. इसे धीमा करके
2. इसे तेजी से विकसित करके
3. GDP कम करके
4. कोई प्रभाव नहीं पड़ा

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सी सिंधु घाटी सभ्यता की प्रसिद्ध कांस्य कलाकृति है, जिसका इतिहास लगभग 2500 ईसा पूर्व का है?

Ans
1. मोहनजोदड़ो की नर्तकी की मूर्ति
2. मोहनजोदड़ो के पुरोहित-राजा की मूर्ति
3. लोथल की एकशृंगी की पत्थर की मुहर
4. धोलावीरा के चित्रित मिट्टी के बर्तन

Q.25 महाराष्ट्र, भारत में अजंता गुफाओं की अवस्थिति पर गुफा संरचनाओं की कुल संख्या कितनी है, जिसमें वह गुफा भी शामिल है जो कभी पूरी नहीं हुई?

Ans
1. उनतीस
2. बत्तीस
3. इकत्तीस
4. तीस

Q.26 जनसंख्या घनत्व की गणना _______ के रूप में की जाती है।

Ans
1. किसी देश में व्यक्तियों की कुल संख्या
2. प्रति वर्ष जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या
3. प्रति परिवार व्यक्तियों की औसत संख्या
4. प्रति इकाई क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या

Q.27 स्वतंत्रता के समय, भारतीय जनसंख्या का कितना प्रतिशत भाग कृषि पर निर्भर था?

Ans
1. लगभग 90%
2. लगभग 70%
3. लगभग 50%
4. लगभग 30%

Q.28 2025 के दिल्ली विधान सभा चुनावों में AAP की 15 साल की पकड़ (सत्ता) को समाप्त करते हुए किस पार्टी ने सत्ता हासिल की?

Ans
✔ 1. भारतीय जनता पार्टी
✗ 2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
✗ 3. तृणमूल कांग्रेस
✗ 4. समाजवादी पार्टी

Q.29 निम्नलिखित में से कौन-सा खाद्य पदार्थ पशु प्रोटीन का स्रोत है?

Ans
✗ 1. दालें
✗ 2. बीन्स
✔ 3. अंडे
✗ 4. दृढ़फल

Q.30 कौन-सी भौतिक विशेषता, दक्षिण-पश्चिम मानसूनी पवनों के लिए अवरोधक का काम करती है, जिससे एक तरफ भारी वर्षा होती है और दूसरी तरफ शुष्क परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं?

Ans
✗ 1. विंध्य पर्वतमाला
✔ 2. पश्चिमी घाट
✗ 3. अरावली पर्वतमाला
✗ 4. सतपुड़ा पर्वतमाला

Q.31 आयोग की अनुशंसाओं को लागू करते हुए राज्य पुनर्गठन अधिनियम कब पारित किया गया?

Ans
✗ 1. 1953
✔ 2. 1956
✗ 3. 1954
✗ 4. 1959

Q.32 किस मंत्रालय ने भारत की साइबर अपराध से निपटने की क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए 19 मई 2025 को e-Zero FIR नामक एक प्रौद्योगिकी-संचालित पहल प्रारंभ की है?

Ans
✔ 1. गृह मंत्रालय
✗ 2. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
✗ 3. संचार मंत्रालय
✗ 4. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

Q.33 ब्राह्मणों को भूमि अनुदान की प्रथा निम्नलिखित में से किस राजवंश ने शुरू की थी?

Ans
✗ 1. गुप्त
✔ 2. सातवाहन
✗ 3. कुषाण
✗ 4. चोल

Q.34 भारत के कौन-से द्वीप समूह, मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित होने के कारण सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं?

Ans
✗ 1. लक्षद्वीप द्वीप समूह
✔ 2. अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
✗ 3. कच्छ की खाड़ी द्वीप समूह
✗ 4. रामेश्वरम द्वीप समूह

Q.35 कलकत्ता के हिंदू कॉलेज के शिक्षक, हेनरी विवियन डेरोज़ियो ने क्रांतिकारी विचारों को बढ़ावा दिया और अपने विद्यार्थियों को सभी प्राधिकारियों पर सवाल उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आंदोलन को किस नाम से जाना गया?

Ans
- ✔ 1. यंग बंगाल आंदोलन
- ✘ 2. न्याय आंदोलन
- ✘ 3. सोशल सर्विस लीग
- ✘ 4. सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी

Q.36 2025 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में, किस भारतीय एथलीट ने पुरुषों की 5000m और 10,000m दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता?

Ans
- ✘ 1. अविनाश साबले
- ✔ 2. गुलवीर सिंह
- ✘ 3. तेजस्विन शंकर
- ✘ 4. सचिन यादव

Q.37 किस वर्ष भारतीय सिविल सेवा (ICS) को आधिकारिक तौर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था?

Ans
- ✘ 1. 1951
- ✘ 2. 1949
- ✘ 3. 1950
- ✔ 4. 1947

Q.38 NEET-PG 2025 परीक्षा फॉर्मेट के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश क्या था?

Ans
- ✘ 1. परीक्षा दो पालियों में आयोजित करना
- ✘ 2. परीक्षा अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना
- ✘ 3. परीक्षा रद्द करना
- ✔ 4. परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करना

Q.39 निम्नलिखित में से किस संशोधन ने शिक्षा को समवर्ती सूची का एक विषय बना दिया?

Ans
- ✘ 1. 44वाँ संशोधन
- ✘ 2. 86वाँ संशोधन
- ✔ 3. 42वाँ संशोधन
- ✘ 4. 52वाँ संशोधन

Q.40 1954 में ट्रॉम्बे में स्थापित परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान का नाम बदलकर बाद में क्या कर दिया गया?

Ans
- ✘ 1. इंदिरा गांधी परमाणु केंद्र
- ✘ 2. नेहरू परमाणु ऊर्जा संस्थान
- ✔ 3. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र
- ✘ 4. भारतीय परमाणु विज्ञान संस्थान

Section : **Mathematics**

Q.1 15% और 18% की क्रमिक छूट के समतुल्य एकल छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 28.3%
- ✘ 2. 32.3%
- ✔ 3. 30.3%
- ✘ 4. 34.3%

Adda247

Q.2 दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 1445 है। यदि पहली संख्या, दूसरी संख्या की पाँच गुना है, तो दोनों संख्याओं का योग कितना है?

Ans
1. 93 ✗
2. 102 ✓
3. 115 ✗
4. 105 ✗

Q.3 वसीम, 455 km की यात्रा 91 km/hr की चाल से, अगली 390 km की यात्रा 78 km/hr की चाल से और उससे अगली 476 km की यात्रा 68 km/hr की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans
1. 73.67 ✗
2. 77.71 ✓
3. 78.27 ✗
4. 78.96 ✗

Q.4 एक घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई 5 : 4 : 3 के अनुपात में है। यदि घनाभ की लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का योग 120 cm है, तो इसका आयतन कितना होगा?

Ans
1. 60,000 $cm^3$ ✓
2. 45,000 $cm^3$ ✗
3. 50,000 $cm^3$ ✗
4. 40,000 $cm^3$ ✗

Q.5 दिया गया है कि $76^{0.44} = x$, $76^{0.93} = y$ और $x^z = y^3$ है, तो z का मान _______ के निकटतम होगा।

Ans
1. 7.48 ✗
2. 6.34 ✓
3. 7.73 ✗
4. 5.18 ✗

Q.6 मैंने ₹1,200 में दो टॉय गन खरीदीं। मैंने पहली टॉय गन को 8% की हानि पर और दूसरी टॉय गन को 16% के लाभ पर बेच दिया। यदि, कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली टॉय गन का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 784 ✗
2. 820 ✗
3. 824 ✗
4. 800 ✓

Q.7 एक व्यक्ति 36 km/hr की चाल से साइकिल चलाकर एक पुल को 54 सेकंड में पार करता है। पुल की लंबाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 350 ✗
2. 440 ✗
3. 540 ✓
4. 550 ✗

Q.8 5% और 20% की क्रमिक छूट के समतुल्य एकल छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 26% ✗
2. 28% ✗
3. 22% ✗
4. 24% ✓

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.9** एक विक्रेता 50% की हानि पर गेहूँ बेचने का दावा करता है, लेकिन वह उल्लेखित वज़न से 65% कम वज़न का उपयोग करके बेईमानी करता है। उसका वास्तविक लाभ प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 47.33%
- ✗ 2. 46.81%
- ✓ 3. 42.86%
- ✗ 4. 43.08%

**Q.10** फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹5,305 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 1,061
- ✗ 2. 5,305
- ✗ 3. 7,427
- ✓ 4. 3,183

**Q.11** अंशुमान और कुणाल ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹36,400 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹19,500 के कुल लाभ में से, कुणाल का हिस्सा ₹6,300 था। उनके निवेशों में कितना अंतर था?

**Ans**
- ✗ 1. ₹14,879
- ✗ 2. ₹12,892
- ✗ 3. ₹14,688
- ✓ 4. ₹12,880

**Q.12** यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹6,258 है, और ब्याज की दर 20% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹26,630
- ✓ 2. ₹26,075
- ✗ 3. ₹25,120
- ✗ 4. ₹25,235

**Q.13** संख्या 576499 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

**Ans**
- ✓ 1. 7
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 15

**Q.14** 65 का 65%, 15 के $\frac{2}{5}$ से कितना अधिक है?

**Ans**
- ✗ 1. 34.25
- ✗ 2. 30.25
- ✗ 3. 33.25
- ✓ 4. 36.25

**Q.15** $\triangle ABC$ में, D पर $BD \perp AC$ है और $\angle DBC = 71°$ है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि $\angle CAE = 17°$ है। $\angle AEB$ की माप क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. 31°
- ✓ 2. 36°
- ✗ 3. 40°
- ✗ 4. 34°

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
1. 31 : 85
2. 23 : 75
3. 22 : 82
4. 29 : 57 ✔

Q.17 संख्या 12.8 और 0.004 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12.8 ✔
2. 0.128
3. 1.28
4. 128

Q.18 A, दो दिए गए स्टेशनों के बीच 21 दिनों में रेलवे ट्रैक बिछा सकता है और B उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह कार्य केवल 2 दिनों में पूरा कर लिया। तब, C अकेले उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
1. $12\frac{74}{131}$ दिन
2. $6\frac{74}{131}$ दिन
3. $4\frac{74}{131}$ दिन
4. $2\frac{74}{131}$ दिन ✔

Q.19 यदि $\cot A = \sqrt{5}$ है, तो $\frac{\operatorname{cosec}^2 A - \sec^2 A}{\operatorname{cosec}^2 A + \sec^2 A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{2}{3}$ ✔
2. $\frac{\sqrt{5}+1}{\sqrt{5}-1}$
3. $\frac{3}{2}$
4. $\frac{\sqrt{5}-1}{\sqrt{5}+1}$

Q.20 रमन की आय ₹77,600 है। वह अपनी आय के 13% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 50% की वृद्धि होती है और खर्च में 50% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________________ होगी।

Ans
1. ₹6,406 की कमी
2. ₹5,044 की वृद्धि ✔
3. ₹19,015 की वृद्धि
4. ₹19,012 की कमी

Q.21 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$2(3x^2 - 7) - 3(2x^2 + 7x - 9) = 13$

Ans
1. $-1$
2. $4$
3. $0$ ✔
4. $-3$

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.22** अंजनी एक काम को 24 दिनों में पूरा कर सकती है। अंजनी और खुशबू मिलकर उसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकती हैं, और अंजनी, खुशबू और सुष्मिता मिलकर उसी काम को 9 दिनों में पूरा कर सकती हैं। अंजनी और सुष्मिता मिलकर उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

**Ans**

✗ 1. $\frac{82}{6}$

✗ 2. $\frac{70}{7}$

✗ 3. $\frac{65}{5}$

✓ 4. $\frac{72}{5}$

**Q.23** यदि पिता की आयु में उसके पुत्र की आयु का 2 गुना जोड़ा जाए, तो योग 46 वर्ष होता है। यदि पिता की आयु का 2.5 गुना उसके पुत्र की आयु में जोड़ा जाए, तो योग 97 वर्ष होता है। पिता की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 34

✓ 2. 37

✗ 3. 35

✗ 4. 33

**Q.24** ₹1,200 पर 4% मासिक ब्याज दर से 11 माह के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. ₹44

✗ 2. ₹88

✗ 3. ₹528

✗ 4. ₹64

**Q.25** दो संख्याओं का योगफल 132 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) 630 है। वे दोनों संख्याएं ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 88, 44

✗ 2. 83, 49

✗ 3. 95, 37

✓ 4. 90, 42

**Q.26** $93^{-6} \div 93^{16} \times 93^{-12}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $93^{-25}$

✗ 2. $93^{-33}$

✗ 3. $93^{-26}$

✓ 4. $93^{-34}$

**Q.27** P, Q और R ने क्रमशः 12 : 82 : 38 के अनुपात में धनराशि निवेश की। यदि उन्होंने वर्ष के अंत में कुल ₹3,510 का लाभ अर्जित किया, तो Q और R के हिस्सों के बीच कितना अंतर है?

**Ans**

✗ 1. ₹1,092

✓ 2. ₹1,170

✗ 3. ₹1,281

✗ 4. ₹1,215

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.28** फर्नीचर की तीन वस्तुओं की औसत कीमत ₹16875 है। यदि उनकी कीमतें 3 : 5 : 7 के अनुपात में हैं, तो सबसे महंगी वस्तु की कीमत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 7875
2. 10125
3. 23625 ✔
4. 5625

**Q.29** यदि 6 अंकों की संख्या N09M82, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध दे सकता है?

**Ans**
1. M + N = -4
2. M - N = 1
3. M - N = 4 ✔
4. M = N

**Q.30** एक घनाभ की लंबाई 10 cm, चौड़ाई 5 cm और ऊंचाई 2 cm है। इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल कितना है?

**Ans**
1. $130 \text{ cm}^2$
2. $160 \text{ cm}^2$ ✔
3. $180 \text{ cm}^2$
4. $140 \text{ cm}^2$

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.1** एक निश्चित तरीके से, RP 4 का संबंध WU 16 से है। उसी तरीके से, LJ 3 का संबंध QO 9 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TR 6 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
1. YX 32
2. VT 32
3. YW 36 ✔
4. VT 36

**Q.2** एक कक्षा में, सभी 97 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। हंसा दाएं छोर से 46वें स्थान पर है जबकि नीति बाएं छोर से 35वें स्थान पर है। हंसा और नीति के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

**Ans**
1. 17
2. 15
3. 16 ✔
4. 14

**Q.3** दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

98 102 110 126 158 ?

**Ans**
1. 222 ✔
2. 221
3. 224
4. 223

**Q.4** गौरव अपनी कक्षा में शीर्ष से 29वें स्थान पर तथा नीचे से 45वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans**
1. 71
2. 74
3. 73 ✔
4. 72

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.5 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। F के ऊपर केवल A को रखा गया है। F और D के बीच केवल C को रखा गया है। E के नीचे केवल B को रखा गया है। E और F के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. तीन
✘ 2. दो
✘ 3. एक
✘ 4. चार

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

679 680 690 691 701 702 712 ?

Ans
✔ 1. 713
✘ 2. 711
✘ 3. 712
✘ 4. 714

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 13 25 43 67 ?

Ans
✘ 1. 90
✔ 2. 97
✘ 3. 100
✘ 4. 95

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी फ्लैट, विला हैं।
कोई भी विला, अपार्टमेंट नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई भी फ्लैट, अपार्टमेंट नहीं है।
(II) कोई भी अपार्टमेंट, विला नहीं है।

Ans
✘ 1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
✘ 2. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
✔ 4. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.9 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
34, 136
53, 212

Ans
✔ 1. 72, 288
✘ 2. 32, 114
✘ 3. 59, 229
✘ 4. 66, 248

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

HYP 8, LCT 15, PGX 29, TKB 57, XOF 113, ?

**Ans**
- ✔ 1. BSJ 225
- ✘ 2. BCJ 225
- ✘ 3. CSJ 225
- ✘ 4. BSI 225

**Q.11** यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '–' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

6 + 3 ÷ 48 – 4 × 25 = ?

**Ans**
- ✘ 1. 25
- ✔ 2. 31
- ✘ 3. 44
- ✘ 4. 38

**Q.12** R, O का पिता है। O, A की पत्नी है। A, S का भाई है। S, T की पुत्री है। R का T से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ 1. भाई की पत्नी की बहन
- ✘ 2. भाई की पत्नी का भाई
- ✔ 3. पुत्र की पत्नी के पिता
- ✘ 4. भाई की पत्नी की माता

**Q.13** यदि संख्या 9283745 में प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

**Ans**
- ✔ 1. 8
- ✘ 2. 6
- ✘ 3. 9
- ✘ 4. 7

**Q.14** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✘ 1. XRMJ
- ✔ 2. PJFB
- ✘ 3. MGBY
- ✘ 4. QKFC

**Q.15** सात व्यक्ति, A, B, C, T, U, V और W उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। V के बाएं कोई नहीं बैठा है। V और B के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। C के दाएं केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, W के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। T, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के अंतिम दाएं छोर पर कौन बैठा है?

**Ans**
- ✘ 1. C
- ✘ 2. U
- ✘ 3. A
- ✔ 4. T

Q.16 A, B, C, D, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। Q के दाएं गिनने पर Q और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। A और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. A
✗ 2. C
✗ 3. Q
✓ 4. S

Q.17 शहर N, शहर M के उत्तर में है। शहर O, शहर N के पूर्व में है। शहर P, शहर O के उत्तर में है। शहर Q, शहर P के पूर्व में है। शहर R, शहर Q के पूर्व में है। शहर M के संदर्भ में शहर R की स्थिति क्या है?

Ans
✓ 1. उत्तर-पूर्व
✗ 2. दक्षिण
✗ 3. दक्षिण-पूर्व
✗ 4. उत्तर

Q.18 एक निश्चित तरीके से, LN 23 का संबंध JI 6 से है। उसी तरीके से, LJ 18 का संबंध JE 1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PP 7 का सबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✓ 1. NK 10
✗ 2. ML 10
✗ 3. NL 12
✗ 4. MK 10

Q.19 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन :
सभी पिन, बग हैं।
सभी पिन, गाय हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ बग, गाय हैं।
(II): सभी गाय, पिन हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✓ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.20 एक निश्चित कूट भाषा में, 'PART' को '2467' और 'AIDS' को '1573' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 1
✓ 4. 7

Q.21 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CHR HMW MRB RWG ?

Ans
✗ 1. WLB
✗ 2. WBK
✓ 3. WBL
✗ 4. WKB

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से DJMS का संबंध JPRX से है। उसी तरीके से, BHGM का संबंध HNLR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TZVB का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
1. ZAGF
2. ZFGA
3. ZFAG
4. ZAFG

Q.23 हाशिनी बिंदु Y से यात्रा शुरू करके उत्तर की ओर 16 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 25 km ड्राइव करती है। अंतत: वह बाएं मुड़ती है, 5 km ड्राइव करती है और बिंदु Z पर रुकती है। बिंदु Y पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
1. 15 km, दक्षिण की ओर
2. 8 km, पूर्व की ओर
3. 9 km, उत्तर की ओर
4. 12 km, पश्चिम की ओर

Q.24 यदि संख्या 937612548 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 22
2. 20
3. 24
4. 26

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. PG - MQ
2. JA - GK
3. NE - KO
4. LC - IN

Q.26 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं)।

(बाएं) % 6 2 9 4 7 + $ 1 Ω # * £ 3 & 8 5 @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक अन्य संख्या तथा ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 1
2. 3
3. 4
4. 2

Q.27 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 9 & 2 * 4 @ 5 £ 8 # 6 & 1 Ω 7 % $ 3 (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद एक सम संख्या नहीं है?

Ans
1. दो
2. एक
3. एक भी नहीं
4. तीन

Adda247

**Q.28** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
✗ 1. PRW
✗ 2. CEJ
✗ 3. GIN
✓ 4. SVZ

**Q.29** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 B 5 D 48 A 4 C 13 = ?

**Ans**
✗ 1. 40
✗ 2. 52
✗ 3. 47
✓ 4. 36

**Q.30** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HIKE' को '4627' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SACK' को '1365' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या है?

**Ans**
✗ 1. 7
✓ 2. 6
✗ 3. 1
✗ 4. 5

Adda247